संचालनालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा रायपुर (छ0ग0)

(ब्लाक –1, द्वितीय तल, इंद्रावती भवन, नया रायपुर (छ0ग0) पिन– 492002)

दूरभाष कं–2253808–फैक्स नं.–2254234 e-mail-lfacg.cg@nic.in web site- www.lfa.cg.nic.in

क्रमांक / एल.एफ.ए / प्रशा. / 2014 / 1143 रायपुर, दिनांक 20 / 10 / 2014

शुद्धि पत्र

विषय :– **सहायक संपरीक्षक पद पर भर्ती हेतु जारी विज्ञापन** (पत्र क. / एल.एफ.ए. / प्रशा. / 581 दिनांक 12.09.2013 विज्ञापन क्रमांक जी–16790) **में संशोधन की सूचना।**

––000––

संचालनालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा द्वारा सहायक संपरीक्षक के 66 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन पत्र क. / एल.एफ.ए. / प्रशा. / 581 दिनांक 12.09.2013 विज्ञापन क्रमांक–जी–16790 से राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्रों एवं रोजगार एवं नियोजन में प्रकाशित कराकर व्यापम के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त पद हेतु व्यापम द्वारा परीक्षा दिनांक 20.10.2013 को आयोजित किया गया एवं परीक्षा परिणाम दिनांक 31.12.2013 को जारी किया गया है।

विभाग द्वारा सहायक संपरीक्षकों की भर्ती हेतु जारी उक्त विज्ञापन में बैकलॉग के पद स्पष्ट रूप से उल्लेखित नहीं होने के कारण संचालनालय द्वारा सहायक संपरीक्षक के पद पर भर्ती के संबंध में शासन से मार्गदर्शन चाहा गया। छ.ग.शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक 1425 / 696 / 2014 / स्था. / चार दिनांक 11.09.2014 से संचालनालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा में सहायक संपरीक्षक के भर्ती के संबंध में प्राप्त मार्गदर्शन अनुसार विज्ञापन में दर्शित 66 पदों में शामिल बैकलॉग के 13 पदों को घटाकर केवल 53 पदों पर ही भर्ती की कार्यवाही की जानी है।

अतः संचालनालय द्वारा सहायक संपरीक्षक के भर्ती हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक जी–16790 में शासन के मार्गदर्शन अनुसार पदों की प्रवर्गवार रिक्तियों की **संशोधित** जानकारी निम्नानुसार है :–

क.	प्रवर्ग	मुक्त	महिला (30 प्रतिशत)	भूतपूर्व सैनिक (10 प्रतिशत)	निःशक्त (06 प्रतिशत)	योग
1	अनारक्षित	12	06	02	02	22
2	अनुसूचित जाति	04	02	0	0	06
3	अनुसूचित जनजाति	10	05	01	01	17
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	06	02	0	0	08
	योग	**32**	**15**	**03**	**3**	**53**

शासनादेश के अनुक्रम में बैकलॉग के 13 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पृथक से की जावेगी।

प्राधिकार :– संचालक आदेश दिनांक 01.10.2014

20/10/14

संयुक्त संचालक
स्थानीय निधि संपरीक्षा
नया रायपुर (छ.ग.)

F:\asstt auditors\Letter.docx